तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

11 गरियाबंद में आज राष्ट्रीय एकता पदयात्रा सरदार...



12 श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गुरु नानक...








## खबर संक्षेप

### प्राचार्य पदोन्नति का रास्ता साफः मिश्रा



**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता तथा रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के ई संवर्ग के प्राचार्य पदोन्नति का प्रकरण बिलासपुर हाईकोर्ट में लंबित था जो कि आज फैसला शासन के पक्ष में हाई कोर्ट ने दिया है जिससे प्रदेश के 1478 ई संवर्ग व्याख्याता व्याख्याता एल बी तथा पूर्व माध्यमिक प्रधानपाठक लाभान्वित होंगे। हाईकोर्ट के फैसला से ई संवर्ग के प्राचार्य बनने वाले समस्त शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। मिश्रा ने यह भी कहा कि अब शिक्षा विभाग द्वारा जल्द से जल्द काउंसलिंग के माध्यम से प्राचार्य के रिक्त पदों पर शीघ्र ही पदोन्नति आदेश जारी किया जावे।

### गिरीश कुमार बघेल ने रेल हादसे पर जताई संवेदना



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत गतौरा स्टेशन के पास हुई मेमू ट्रेन और मालगाड़ी की टक्कर में कई यात्रियों की मृत्यु एवं घायल होने की घटना पर छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गिरीश कुमार बघेल ने गहरा शोक व्यक्त किया हैं उन्होंने दिवंगत यात्रियों के परिजनो के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की हैं कांग्रेस नेता गिरीश बघेल ने कहा कि रेल हादसे की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए और इसके वास्तविक कारणों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए इस तरह की घटनाएं रेल्वे प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठाती है।

### पोषण चौपाल में पहुंचे बड़ी संख्या में बच्चे व ग्रामीण महिलाएं



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम खोखमा में आज गुरूवार को पोशण चौपाल का आयोजन किया गया यह पोशण चौपाल में बड़ी संख्या में बच्चे व ग्रामीण शामिल हुए इस दौरान गर्भवती माताओ और बच्चो के पोशण स्तर का आंकलन किया गया और पौष्टिक भोजन बनाने की विधियां सिखाई गई। सुपरवाइजर लीलावती सेन पोशण चौपाल के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया साथ ही पोशण चौपाल में गर्भवती महिलाओ को पौष्टिक सब्जी फलो का उपयोग कर आयरनयुक्त भोजन बनाने के तरीके से अवगत कराया गया शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पोशण आहार की आवश्यकता होती है।

### एक्सीडेंट में युवक घायल

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में युवक के घायल होने के मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सोहोगी बाई साहू निवासी परसवानी ने बताया कि 8.10.2025 को उसका बेटा पोखराज साहू घुमने के लिये अपने मोटर सायकल से बिरकोनी परवानी मोड की ओर गया था। जब वह अपनी मोटर सायकल को परवानी मोड के पास खड़ी कर रोड क्रास कर रहा था।

# मैनपुर-डुमरघाट मार्ग की मरम्मत का कार्य प्रारंभ, ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर तहसील मुख्यालय से महज 12 किमी दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम डुमरघाट तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क आजादी के पांच दशक बाद भी नही पाया है और तो और पगडंडी सड़क में बड़े–बड़े जानलेवा गड्ढे जान जोखिम में डालकर ग्रामीण आना जाना करने मजबूर हो रहे है।

खबर का असर

इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने तीन दिन पूर्व 4 नवम्बर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने इस सड़क मरम्मत की सुध लिया है। पिछले दो दिनो से ग्राम पंचायत बोईरगांव द्वारा जेसीबी मशीन और मजदूर लगाकर सड़क का मरम्मत कार्य किया जा रहा है बड़े –बड़े गड्ढो में मिट्टी पाटकर समतल किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी न हो। सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ होने से यहां के ग्रामीणों ने हरिभूमि के प्रति आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि मैनपुर से 05 किमी दूर बरदुला के बाद बोईरगांव जो छोटे –छोटे तीन पहाड़ियो पारकर पहुंचना पड़ता है इस पगडंडी कच्ची सड़क में बारिश के कारण बड़े –बड़े गड्ढे हो गये है ग्रामीणो को मोटर साइकिल से आना तो दूर पैदल चलना खतरा से खाली नहीं है। साथ ही गर्भवती ▶▶|शेष पेज 10 पर

## हरिभूमि की खबर का असरः स्थानीय प्रशासन ने कार्य शुरू किया








### क्या कहते है ग्राम पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत के सचिव दसरू जगत ने बताया पिछले दो दिनो से मजदूर और जेसीबी के माध्यम से डुमरघाट सड़क की मरम्मत किया जा रहा है बड़े बड़े गड्ढे हो गये है जिसमें मिट्टी डालकर समतलीकरण किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी न हो। उन्होने बताया इस सड़क निर्माण के लिए पूर्व में ही ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव बनाकर शासन स्तर पर भेजा जा चुका है।

## हादसा : नवापारा-राजिम में दिखा रफ्तार का कहर

# अनियंत्रित गाड़ी ने खड़ी कार को ठोका, हादसे में चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- अलग-अलग थाना क्षेत्र की घटना में एक मृत, चार घायल

नवापारा से सड़क दुर्घटना की फिर एक बार बड़ी खबर सामने आ रही है। बीती बुधवार की रात शहर के मेन रोड में एचपी गैस एजेंसी के सामने एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी कार से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के मुताबिक कार में सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हुए। ये चारों युवक नवापारा शहर से लगे कोलियारी-नवागांव के रहने वाले बताए जा रहे है जिन्हें रायपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

ये कार सवार युवक रात तीन बजे नवागांव से नवापारा होते हुए राजिम की ओर जा रहे थे कि कार चालक युवक अपना नियंत्रण खो बैठा और खड़ी ट्रक से जा ▶▶|शेष पेज 10 पर



### किरवई सड़क हादसे में डॉक्टर की हुई मौत



राजिम थाना क्षेत्र के किरवई गांव के पास एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क किनारे तालाब किनारे तालाब में गिर गई। इस हादसे में अभनपुर ब्लॉक के केन्द्री गांव के रहने वाले डॉ नितेश सिन्हा की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक इस यह डॉक्टर जामगांव में पदस्थ था। बुधवार रात किसी काम से राजिम आया हुआ था जो देर रात लौट रहा था। जैसे ही इस घटना की खबर राजिम पुलिस को मिली वे मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद तालाब से कार को बाहर निकाला तब तक उसमें सवार डॉक्टर सिन्हा की मौत हो चुकी थी। बता दें कि जिस जगह यह हादसा हुआ वहां सड़क सकरी है और किनारा भी दलदली जैसा है। जहां इसके पहले भी कई घटना-दुर्घटना हो चुकी है।

### आए दिन होते हैं सड़क हादसे

आए दिन नवापारा-राजिम क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों से बड़ी-बड़ी घटना-दुर्घटना हो रही है। जिसमें से आधा कारण तो नशे की हालत में तेज रफ्तार वाहन चलाना शामिल है तो आधा कारण सड़कों के ऊपर जहां पाए वहां बैठे मवेशी है। दोपहिया वाहनों की तो आए दिन आपस में टक्कर की खबरे निरंतर मिल रही है। इन दुर्घटनाओं में कईयों की जान चली गई है तो कईयों अस्पताल के बिस्तरों में पड़े हुए है बावजूद लोग चेतने का नाम नही ले रहे है। हो रही घटनाओं के जिम्मेदार पालक वर्ग भी है जो अपने बच्चों को धीरे चलाने और साईड में चलाने की सीख नही देते है। देर रात तक आवारागर्दी करते घूमते रहने के बावजूद घर के मुखिया यह जानने की कोशिश नही करते कि उनके बच्चे इतनी रात तक आखिर कहां थे? सड़कों पे यत्र-तत्र लावारिश हालत में खड़ी गाड़ियों के कारण भी दुर्घटना होना आम बात हो गई है। नवापारा बस स्टैण्ड तिगडडा के पास दिन में 10 से 20 गाड़ियां आपस में टकराती है मगर क्या मजाल है कि लोक निर्माण विभाग और नेशनल हाईवे यहां आसपास ब्रेकर बनाने की कभी पहल की हो। नागरिक बस स्टैण्ड के आसपास ब्रेकर बनाने की मांग करते थक चुके है लगता है कोई बड़ी दुर्घटना होगी। किसी की जान जाएगी। चक्काजाम होगा? तनाव का वातावरण पैदा होगा? नागरिक गुस्साएंगे तभी ये दोनों विभाग की नींद खुलेगी और स्पीड ब्रेकर बनाएंगे।

## तर्रा की एमिन साहू बनीं 'लखपति दीदी'

# हुनर और हौसले से गढ़ी आत्मनिर्भरता की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से जीता दर्शकों का दिल, दो दिन में 40 हजार की कमाई

जिले के ग्राम तर्रा की बहु एमिन साहू आज पूरे प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं। बिहान समूह से जुड़कर उन्होंने न केवल अपनी पहचान बनाई, बल्कि अनेक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई।

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में मनाए जा रहे रजत जयंती राज्योत्सव के तहत गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में एमिन साहू ने भी अपने हुनर का प्रदर्शन किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 10 पर

### राज्योत्सव में की रिकॉर्ड कमाई

राज्योत्सव के पहले दिन उन्होंने 18 हजार रुपए, जबकि दूसरे दिन 22 हजार रुपए की रिकॉर्ड कमाई की। यह उनकी मेहनत, लगन और परंपरागत व्यंजनों के प्रति लोगों के बढ़ते प्रेम का प्रतीक है। एमिन साहू इससे पहले दिल्ली में आयोजित क्षेत्रीय सरस मेले में भी अपने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर चुकी हैं, जहां उन्होंने 4 लाख रुपए की बिक्री कर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया था। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में 'लखपति दीदी की जुबानी' में अपनी सफलता की कहानी साझा की थी, जिसे लोगों ने खूब सराहा।

# पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर बरामद की चोरी की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के थाना मैनपुर अंतर्गत मोटरसाइकिल चोर को पकड़ने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है चोर से मोटरसाइकिल और नगदी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मिली जानकारी के अनुसार 1 नवंबर को आवेदक धर्मेन्द्र कुमार मरकाम द्वारा रात्रि घटना स्थल भादूराम के किराना दुकान के बाजू में अपनी मोटर सायकल खड़ा किया था जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

जो पुलिस द्वारा पता साजी दौरान अनावेदक देवशरण द्वारा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 23 पी 0769 कीमती 55000 रूपये को चोरी कर गांव के जंगल में छुपा कर रखना पाया गया। जिसे पुलिस द्वारा मौके पर जप्ती करते हुए वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी देवशरण पिता सुखुराम कमार उम्र 32 वर्ष सकिन फारसिया थाना नगरी जिला धमतरी छ.ग. के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# श्री राधाकृष्ण मंदिर के शताब्दी महोत्सव में आस्था और सेवा का संगम

- सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, दस ने किया रक्तदान

**नवापारा-राजिम।** श्री राधाकृष्ण मंदिर में शताब्दी महोत्सव में मेघा पॉलिक्लिनिक टी एन रमेश द्वारा बीपी, शुगर की निःशुल्क जांच,एवं निःशुल्क दवाई, रावतपुरा सरकार मेडिकल इंस्टीयूट नया रायपुर द्वारा ब्लड डोनेट केम्प,मोतियाबिंद, जनरल चेकप तथा निःशुल्क दवाई दी जा रही है। भोजन प्रसादी में पधारे सैकड़ो श्रद्धालुओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई एवं पं ब्रम्हदत्त शर्मा,डोमन,विनय अग्रवाल ,अक्षय अग्रवाल सहित 10 लोगों ने ब्लड डोनेट किया जिन्हें प्रमाण पत्र एवं उपहार दिया गया। आज की ऐतिहासिक भीड़ ने मंदिर कमेटी का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया,शहर में एक ही ▶▶|शेष पेज 10 पर




## पर्यावरण प्रबंधन व सतत विकास पर मंथन

# राजीव लोचन कॉलेज में 3 दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- देशभर से 150 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता, शोध और नवाचार पर दिया गया जोर

शासकीय राजीव लोचन कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सतत विकास के लिए पर्यावरण प्रबंधन विषय पर पीएम उषा के तत्वावधान में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि पं रविवि रायपुर के कुलपति प्रो सच्चिदानंद शुक्ला, ,विशेष अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री छाया राही ,डॉ एम. एल. नायक रडर जीवन विज्ञान,पूर्व डायरेक्टर जनरल सीकॉस्ट रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सविता मिश्रा ने की। सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत का गायन कुमारी हर्षिता यदु एवं देवनंदनी द्वारा किया गया।



सेमिनार के मुख्य अतिथि डॉ सच्चिदानंद शुक्ला ने कहा कि इस कार्यक्रम में इंटरफेस प्लेटफार्म, वर्तमान परिदृश्य में एनवायर्नमेंटल गवर्नेंस की बात कही। अपने वक्तव्य में डॉक्टर शुक्ला ने नैतिक शिक्षा ,शोध केंद्र, शिक्षा, नवाचार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बात की। उन्होंने कहा ▶▶|शेष पेज 10 पर

### सेमिनार में 150 से अधिक लोगों ने लिया भाग

कार्यक्रम की संयोजक डॉ समीक्षा चंद्राकर ने सेमिनार के उद्देश्यों एवं रुपरेखा पर प्रकाश डाला तथा पर्यावरण को संरक्षित करने को व्यावहारिक रूप से आवश्यक बताया। इस सेमिनार में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया है, जिसमें गुजरात, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ से प्रतिभागी ऑफ लाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए हैं। डॉ सविता मिश्रा द्वारा अतिथियो का स्वागत किया गया। उन्होने प्रतिवेदन का वाचन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में पीएम उषा के लिए 13 महाविद्यालयों का चयन हुआ था जिनमें एक हमारा महाविद्यालय है। स्वीकृत राशि से पांच वर्षों तक अधो संरचना एवं विविध कार्यक्रम किए जाएंगे। अध्यक्ष ने संस्था की वर्तमान स्थिति, संकाय की जानकारी, अधोसरंचना,टडव, महाविद्यालय की विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही महाविद्यालय में शोध केंद्र की अद्यतन स्थिति को रखते हुए अपना आभार प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष सुश्री छाया राही ने सेमिनार के संबंध में अपनी शुभकामनाएं दी।

# गरियाबंद-ओडिशा सीमा पर आबकारी टीम ने जब्त की 44 लीटर अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- गरियाबंद की आबकारी टीम व ओडिशा की आबकारी टीम की संयुक्त कार्रवाई
- 1700 किलो महुआ लाहन भी जब्त

कलेक्टर भगवान सिंह उईके के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में गरियाबंद जिले की आबकारी टीम ने ओडिशा आबकारी टीम के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही की। इस कार्यवाही में अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 04 नवम्बर 2025 को ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर ग्राम गुरुजीभाठा से लगे जंगल नाला क्षेत्र में संयुक्त जांच की गई, जहां 35 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब एवं लगभग 1700 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया। प्रकरण को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार ग्राम गुरुजीभाठा में ही हुंकारपारा क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर की गई कार्यवाही में आरोपी गणेश मांझी के कब्जे से 500 एम.एल. महुआ शराब जब्त की गई। 9.3 बल्क लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब आरोपी के खिलाफ ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### नरेन्द्राचार्य महाराज का 8 को प्रवचन



**रायपुर।** जगद्गुरु स्वामी नरेन्द्राचार्य का एक दिवसीय प्रवचन, दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम 8 नवम्बर को दही हांडी मैदान, गुढ़ियारी में आयोजित होगा। इसे रामानन्द संप्रदाय भक्त सेवा मंडल छग द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में आयोजक समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9 से शाम 6 बजे तक होगा। इसके लिए पर्ची सुबह 7 से 8 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

### 150 पौवा शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक महिला शराब कोचिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 हजार रुपए कीमत की 150 पौवा देशी शोले शराब जब्त की है। पुलिस ने भारती ध्रुव को अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला उरला बीएसयूपी कालोनी से ट्रक ड्राइवरों के साथ अन्य लोगों को ब्लैक में शराब बेच रही थी।

### सूने मकान से 20 हजार की चोरी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान से आलमारी खोल कर 20 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वल्लभ नगर निवासी खिलेंद्र सिंह राजपूत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। खिलेंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान में प्रवेश कर अलमारी खोलकर रुपए चोरी कर ले गया।

### गाली-गलौज करने से मना करने पर महिला के साथ मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक महिला ने एक युवक के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कटोरा तालाब, सूर्या अपार्टमेंट निवासी निर्मला सैनी ने चेतन साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि चेतन शराब के नशे में धुत्त होकर गाली-गलौज कर रहा था।

# 108 कुंडीय महायज्ञ का हुआ समापन, संतों के पलायन पर भावुक हुए विधायक

## हजारों संतों की उपस्थिति में बसना में हुआ विराट यज्ञ, विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने बताया एकता का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम अंसुला में आयोजित श्री श्री 108

- बसना में भक्ति का महासागर: डॉ. संपत अग्रवाल बोले-यह आयोजन क्षेत्र की आत्मा है
- संतों के पलायन पर विधायक की आंखें हुईं नम,बोले: यह भावनाओं का पर्व था की आत्मा है

एकादश कुंडीय श्रीमन महा गणेश महायज्ञ का भव्य और विराट समापन 5 नवंबर को हुआ। चातुर्मासी महा गणेश महायज्ञ का यह समापन समारोह कथा वाचन, विशाल हवन और महाभंडारे के साथ हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति और धार्मिकता के रंग में सराबोर कर दिया। इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता पर बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इसे क्षेत्र के लिए एक गौरवशाली क्षण बताया।

**कुंभ जैसा माहौल': धार्मिक चेतना का अविस्मरणीय संगम**-विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इस ऐतिहासिक आयोजन के सफल समापन पर मीडिया से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान हजारों की संख्या में साधु महात्मा पधारे हुए थे, जिन्होंने यज्ञ की महत्ता और धार्मिकता को बढ़ाया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि समापन के अंतिम दिन भारी संख्या में भक्तगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने भावुक होकर कहा कि इस आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में कुंभ जैसा माहौल प्रतीत हो रहा था। यह विराट आयोजन ने न सिर्फ धार्मिक परंपराओं को



पोषित किया, बल्कि जनमानस में धार्मिक उत्साह का एक अविस्मरणीय माहौल बना दिया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस बात को रेखांकित किया कि हजारों संतों का आगमन, 100 से अधिक कुंडों में हवन और भक्तों की अटूट आस्था ने सचमुच एक 'कुंभ जैसा' दृश्य प्रस्तुत किया। यह महायज्ञ हमारे क्षेत्र की धार्मिक शक्ति और एकता का प्रतीक बन गया है, जिसने लोगों में नई ऊर्जा का संचार किया है।

समापन समारोह की दिव्यता का वर्णन करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने बताया कि समापन के दिन 100 से अधिक यज्ञ कुंड बनाए गए थे, जिसमें उपस्थित सभी धर्मप्रेमी जनों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ हवन-पूजन कर आहुतियां दीं और पुण्य लाभ अर्जित किया। उन्होंने महाभंडारे की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिदिन की तरह ही अंतिम दिन भी विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई थी। इस महाभंडारे में भक्तों के लिए खीर-पूरी सहित अनेक स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रसाद रखा गया था, जिसने हजारों भक्तों की सेवा का अवसर दिया।

### संतों के पलायन पर हुए भावुक

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन धार्मिक चेतना को जागृत करते हैं और समाज में सद्भाव का संदेश फैलाते हैं। उन्होंने यज्ञ के सफल आयोजन के लिए सभी साधु-संतों और उपस्थित भक्तजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया। बातचीत के दौरान, संतों के पलायन पर विधायक डॉ. अग्रवाल कुछ पल के लिए भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि कुछ साधु संत जो बहुत दूर से आए थे, वो पहले ही पलायन कर गए, और कुछ संतों ने आज (समापन के दिन) पलायन किया है। संतों के जाने से उनका मन भारी हो गया और आंखों से अश्रु निकल आए, जो आयोजन की गहन धार्मिक भावना और संतों के प्रति उनके आदर को दर्शाता है। यह महायज्ञ बसना क्षेत्र की धार्मिक और सामाजिक एकजुटता का एक महान उदाहरण बन गया है।

## आंदोलन : देशभक्ति के जयकारों के साथ निकला पैदल मार्च

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकाला यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिटी मार्च का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल एवं प्रमुख वक्ता पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर शामिल हुए।

लोहिया चौक में आयोजित समापन यात्रा में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि सरदार पटेल के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को सरदार पटेल की सोच से प्रेरित बताया। मंत्री बघेल ने कहा कि कोरोना काल के दौरान देश ने एकता और आत्मनिर्भरता की भावना के साथ चुनौतियों का सामना किया, जो सरदार पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के आदर्शों को साकार करता है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं प्रमुख वक्ता अजय चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल एक नेता नहीं, बल्कि भारत की एकता के शिल्पकार थे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के संघर्ष का आरंभ खेड़ा सत्याग्रह से हुआ, जिसकी सफलता ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। समारोह में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंग ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, प्रदीप चंद्राकर, कुमारी भास्कर, देवेश नायक, वाणी तिवारी, महेंद्र सिक्का, छात्र सिंह नायक, पीयूष साहू, आनंद साहू, महेंद्र जैन, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, श्याम साकरकर, शरद मराठा, दिग्विजय साहू, पंकज चंद्राकर, रमेश साहू, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, आम नागरिक, स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### खास बातें

- सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रवाद और एकता का संदेश
- बेलसोंडा से लोहिया चौक तक उत्साह से 8 किलोमीटर पद यात्रा में शामिल हुए



**बेलसोंडा से लोहिया चौक तक यूनिटी मार्च**

गुरूवार को यूनिटी मार्च ग्राम पंचायत बेलसोंडा के राम सप्ताह चौक से सुबह 11 बजे शुरुआत की गई। सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर यूनिटी मार्च का शुभारंभ किया। जिले में 8 किलोमीटर लंबी पदयात्रा ग्राम पंचायत बेलसोंडा से प्रारंभ होकर कस्तूरबा गांधी छात्रावास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा, शहीद स्मारक, साईं मंदिर, ग्राम पंचायत खरोरा, त्रिमूर्ति कॉलोनी, अंबेडकर चौक होकर लोहिया चौक में हुई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, नागरिकगण, सामाजिक संगठन, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों, खेल संघ, एनसीसी, स्काउट, रेडक्रॉस, एनएसएस, महाविद्यालय एवं विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए। आयोजन के माध्यम से स्वच्छता, नशा मुक्ति प्रतिज्ञा, स्वदेशी भारत/आत्मनिर्भर भारत संकल्प, जागरूकता का संदेश दिया गया। देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

# वन्दे मातरं की 150वीं वर्षगांठ पर राज्यभर में होंगे कार्यक्रम

**गरियाबंद।** भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार वन्दे मातरम् के 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर चार चरणों में ग्राम पंचायत, जनपद, जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। प्रथम चरण के कार्यक्रम 7 से 14 नवम्बर तक आयोजित होंगे। कलेक्टर बीएस उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में वन्दे मातरम् 150वीं वर्षगांठ का आयोजन 07 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से समस्त शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान में करने के निर्देश दिए है।

जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों में वंदे मातरम का गायन किया जाए। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम के बोल और धुन पोर्टल वंदेमातरम 150 डॉट इन में उपलब्ध है। इसके अलावा शासकीय कार्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी भी उक्त पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करे। सभी स्कूलों के बैंड द्वारा वंदेमातरम से संबंधित संगीतमय कार्यक्रम विद्यालय महाविद्यालय, एनसीसी, एनएसएस की भागीदारी सुनिश्चित करे। शैक्षणिक संस्थानों में वंदेमातरम को समर्पित विशेष सभाएं, निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, पोस्टर, निर्माण आदि गतिविधियों का आयोजन करे।

### राष्ट्रीय स्तर पर होगा कार्यक्रम का प्रसारण

छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा वन्दे मातरम् 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह आयोजन चार चरणों में संपन्न होगा। पहला चरण - 7 से 14 नवम्बर 2025 तक, दूसरा चरण 19 से 26 जनवरी 2026 तक, तीसरा चरण 7 से 15 अगस्त 2026 तक (हर घर तिरंगा के साथ) और चौथा चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 (समापन सप्ताह) तक होगा। वन्दे मातरम् के 150वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा होगा। 07 नवम्बर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से समस्त शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद वन्दे मातरम् का गायन किया जाएगा, तत्समय संपूर्ण राज्य में एक साथ वन्दे मातरम् का गायन होगा।

# 33 आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों के 100 से अधिक पदों पर भर्ती, गणित सहित विज्ञान, इंग्लिश के पद शामिल

- नवंबर में ही निकाला जाएगा विज्ञापन, आवेदन भी इसी माह होंगे प्रारंभ
- शिक्षकों के नौकरी छोड़े जाने के कारण रिक्त हुए हैं ये पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर जल्द ही भर्ती की जाएगी। इन रिक्त पदों के लिए नवंबर माह में ही विज्ञापन जारी किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, मौजूदा माह से ही आवेदन प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी जाएगी ताकि विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन का कार्य बाधित ना हो। रायपुर जिले में स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना के अंतर्गत 36 शालाएं हैं। इनमें से 33 इंग्लिश माध्यम हैं, जबकि शेष 3 हिंदी माध्यम हैं। रिक्त पद इंग्लिश माध्यम विद्यालयों के हैं। इन स्कूलों को स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना में शामिल किए जाने के दौरान यहां संविदा भर्ती हुई थी। सत्र 2021-22 और 2022-23 में ये भर्तियां की गईं। संविदा पदों पर नियुक्त हुए शिक्षकों ने अन्य जगह नियुक्ति होने, अपने गृहग्राम में ही पदस्थापना मिलने अथवा अन्य व्यक्तिगत कारणों से नौकरी छोड़ दी है। इसके बाद रायपुर के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों के 100 से अधिक पद रिक्त हो गए हैं।




### खराब रहे हैं तिमाही के परिणाम

बीते माह हुई तिमाही परीक्षा के परिणाम विशेष अच्छे नहीं रहे हैं। जिले में आधे से अधिक छात्र अनुत्तीर्ण हो गए हैं। जिन स्कूलों के परिणाम खराब रहे हैं, उनके प्राचार्य को नोटिस भेजा गया है। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के परिणाम भी अपेक्षा अनुरूप नहीं रहे हैं। इन सब स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द भर्ती की तैयारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेवा शर्तों और योग्यता मापदंड में अधिक परिवर्तन नहीं किया जाएगा। पिछले भर्ती के वक्त योग्यता के जो मापदंड निर्धारित थे, वे ही इस भर्ती में भी लागू होंगे।

पद रिक्त रहने के कारण अध्ययन-अध्यापन संबंधित कार्य प्रभावित हो रहा है। परिणाम सुधारने इन पदों पर अब जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा नियुक्ति का निर्णय लिया गया है।

### महत्वपूर्ण विषयों के पद रिक्त

गणित, विज्ञान, इंग्लिश सहित अन्य विषयों के पद भी रिक्त हैं। हिंदी, सामाजिक विज्ञान जैसे अपेक्षाकृत सरल विषयों का अध्यापन अन्य विषयों के शिक्षक द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन कुछ विषयों को लेकर दिक्कत का सामना विद्यालय प्रबंधन कर रहे हैं। नवीन भर्ती के बाद अतिरिक्त अध्यापन कर रहे शिक्षकों को राहत मिलेगी। वेतनमान भी अन्य संविदा शिक्षकों के समकक्ष ही रहेगा।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक पुरानी पेंशन बहाली मोर्चा 4 जनवरी को जंतर मंतर में करेगा विशाल धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र दुबे,प्रदेश संयोजक लैलूंन भारद्वाज,प्रदेश संयोजक विकास राजपूत, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी,विवेक शर्मा शामिल हुए, बैठक में शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग तथा पुरानी पेंशन बहाली राज्य के कार्मिकों का पीएफआरडीए में जमा एन पी एस राशि को वापस करने की मांग को लेकर जंतर मंतर दिल्ली में 4 जनवरी 2026 को धरना, प्रदर्शन एवं रैली निकालकर केंद्र सरकार एवं एनसीटीई को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है।

- टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने और एनपीएस राशि वापस करने की मांग

0 राष्ट्रीय नेतृत्व में शिक्षक करेंगे केंद्र सरकार व एनसीटीई को ज्ञापन सौंपने का निर्णय



राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के नेतृत्व में देशभर के शिक्षक 4 जनवरी 2026 को जंतर मंतर दिल्ली में जुटेंगे तथा केंद्र सरकार से मांग रखेंगे कि जिस राज्य में टीईटी की अनिवार्यता जब से लागू की गई है उसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने का अध्यादेश पारित किया जावे।ज्ञात हो कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है।छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है,इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था, इसी तरह अन्य राज्यों में भी अलग अलग तिथि में टीईटी की अनिवार्यता की गई है,अतः केंद्र सरकार या तो माननीय सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप पुनर्विचार याचिका दायर करें या लोक सभा में अध्यादेश लाकर सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने आवश्यक पहल किया जावे।

## चंपारण में उमड़ा जनसैलाब....



*नवापारा-राजिम। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पंचकोशी धाम के चंपारण में चंपेश्वर नाथ महादेव का दर्शन करने जन सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। चंपेश्वर नाथ महादेव ट्रस्ट समिति द्वारा रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर गवई गंगा महाभारत पंडवानी का प्रोग्राम रखा जिसमें देर रात तक लोगों ने आनंद लिया।*

## पेज 9 के शेष

### मैनपुर-डुमरघाट मार्ग...

महिलाओ एवं बीमारो को कांवर में लादकर अस्पताल तक पैदल लाना पड़ता है और तो और राशन तथा महतारी वंदन व पेंशन के लिए भी बुजुर्ग महिला पुरूशो को 07 किमी पहाड़ी रास्ता को पारकर मैनपुर आना पड़ता है यहां के ग्रामीण अमरसिंह, पलटन, हेमसागर, जयसिंह, गोपाल, दसरूराम, खगेश्वर, रामेश्वर, गोपीचंद ने गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है कि गांव तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाये सड़क नही होने के कारण मिडिल स्कूल के बाद बच्चो को पढ़ाई तक छोड़ना पड़ रहा है।

### अनियंत्रित कार ने...

टकराया। इस संबंध में नवापारा पुलिस से जानकारी ली गई तो युवकों का नाम अब तक सामने नही आया बताया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने इसी जगह पर एक तेज रफ्तार हाईवा रॉन्ग साईड में आकर स्कूटी सवार नगरपालिका के स्वच्छता सुपरवाईजर महिला को अपनी चपेट में ले लिया था। महिला के दोनों पैर इस हादसे में कुचल गया था। इसके बाद गुस्साए सफाई कर्मचारियों ने सड़क पर पहुंचकर घंटों चक्काजाम किया था।

### हुनर और हौसले ...

ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत प्रेरणास्त्रोत बनी इस लखपति दीदी ने अपने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों — अरसा, ठेठरी, कुर्मी, बड़ा, साबूदाना बड़ा, देशी टमाटर की चटनी और देशी मीठा पकवान — के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया। महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं एमिन एमिन साहू आज उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं, जो आत्मनिर्भरता की राह पर चलकर अपने परिवार और समाज का भविष्य संवारना चाहती हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि अगर लगन और आत्मविश्वास हो तो गाँव की मिट्टी से भी सफलता की नई कहानी लिखी जा सकती है।

### श्री राधाकृष्ण मंदिर...

चर्चा है कि इतना बड़ा नगर भोज जिसमें हर धर्म, समाज,हर वर्ग के लोगो को बुलाया गया है एवं लगातार 15 दिन तक चलने वाले महाभंडारे को पहली बार देखा है,जहां मंदिर ट्रस्ट एवं सभी जुड़े हुए सेवाधारी एक-एक आने वाले श्रद्धालुओं का ध्यान रख रही है,किसी के सम्मान में कोई कमी न रह जाए,एवं इसी कड़ी में गुरूवार को नगर साहू समाज के पदाधिकारियों तथा वरिष्ठजनों का सम्मान श्रीराधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट कमेटी ने तिलक वंदन कर दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। इस मेडिकल केम्प में कल से अन्य बीमारियों का भी जांच किया जावेगा जो दोपहर 12 से 4 प्रतिदिन रहेगा।

### राजीव लोचन कॉलेज...

कि वर्तमान में हर व्यक्ति को अपने आपको समय के साथ अपडेट कर चलना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में क पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी महाविद्यालय को सहयोग देने के लिए तैयार है। इसके पश्चात सोविनियर का विमोचन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

**पर्यावरण प्रदूषण आज की ज्वलंत समस्याः नायक** -प्रो एम एल नायक ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आज की ज्वलंत समस्या है। पृथ्वी पर मनुष्य प्रदूषण फैलाकर अपने विनाश की और अग्रसर हो रहा है। ऐसे समय में जागरूकता के लिए सेमिनार आवश्यक है। सेमिनार में डाक्टर एम एल नायक द्वारा इकोसिस्टम सर्विस और छत्तीसगढ़ की बायोडायवर्सिटी विषय पर एक्सपर्ट टॉक दी गई। प्रथम सत्र में डॉ तरुण कुमार ठाकुर कार्बन क्रेडिट और कार्बन फुट प्रिंट विषय पर अपने विचार रखे। प्रेजेंटेशन में शोधार्थियों ने अपने विचार रखें। सेमिनार का संयोजन डॉ समीक्षा चंद्राकर के द्वारा किया गया। मंच संचालन डॉ सर्वेश कौशिक पटेल ने किया। इस सेमिनार में उषा प्रभारी डॉ देवेंद्र देवांगन ने अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम का आभार वरिष्ठ प्राध्यापक मोहनलाल वर्मा ने किया।

### गरियाबंद-ओडिशा सीमा...

भी आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(ख), 34(2)/59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

इनकी रही सक्रिय भुमिका

इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक रजतचंद ठाकुर, नागेश राज वास्तव, आबकारी मुख्य आरक्षक चंदलोल गायकवाड, आरक्षक पीतांबर चौधरी, नगर सैनिक मनीष कश्यप, संजय नेताम,महिला नगर सैनिक कामिनी सोनी, हेम भाई साहू एवं ओडिशा आबकारी उपनिरीक्षक सिद्धांत पात्रा, आबकारी आरक्षक सोना मांझी, माल्या महिलांग, रीतांजलि शब्बर,रेखा राउत सहित टीम के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### तहसील पिथौरा में धान भंडारण पर कार्रवाई 300 बोरी धान जब्त

**महासमुंद।** जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर विशेष निगरानी रखी जा रही हैं। इसी तारतम्य में तहसील पिथौरा अंतर्गत ग्राम भुरकोनी (जगदल्ला) में संदिग्ध धान भंडारण की सूचना प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा बजरंग सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में 4 नवंबर को जांच दल द्वारा तत्परता से कार्रवाई की गई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जांच टीम में नायब तहसीलदार पिथौरा ललित सिंह, राजस्व निरीक्षक शिव शंकर ठाकुर एवं पटवारी विनय कुमार पटेल शामिल थे। दल द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। ग्राम में स्थित रंगमंच के कमरे में लगभग 300 बोरियों में धान का अवैध भंडारण पाया। तत्पश्चात धान को ताला बंद कर सील किया गया तथा संरक्षित रखने के लिए उपस्थित ग्राम कोटवार को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही मंडी सचिव को भी इसकी सूचना दी गई। निर्देशानुसार मंडी सचिव एवं उनकी टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मंडी अधिनियम के तहत उक्त धान को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

### पुस्तक और कला प्रदर्शनी में झलकी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू) द्वारा विश्वविद्यालय पुस्तकालय में एक विशेष पुस्तक एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस बार प्रदर्शनी का उद्देश्य राज्य स्थापना दिवस को संस्कृति और कला के दृष्टिकोण से मनाना था। यह कार्यक्रम लर्निंग रिसोर्सेज कमेटी एलआरसी और एचएनएलयू के छात्रों के संयुक्त प्रयासों से प्रो. डॉ. विष्णु कोनूरायर, फैकल्टी संयोजक, एलआरसी के मार्गदर्शन में हुआ। इसी दौरान छात्रों ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल सुसंगठित और सूचनाप्रद थी, बल्कि इससे उन्हें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के प्रति नई समझ और सम्मान प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी में स्थानीय कलाकारों की चित्रकृतियों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया, जिनमें छत्तीसगढ़ की जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता को जीवंत रूप में चित्रित किया गया था।

### 21 कुंडीय यज्ञ-हवन भण्डारे का आयोजन

**रायपुर।** राजधानी के वीआईपी रोड स्थित संत आशाराम आश्रम में 21 कुंडीय यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार के साथ साधक परिवारों द्वारा पूजा अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद सामूहिक माला पूजन का आयोजन भी किया गया इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारा रखा गया। भंडारा में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

### सोनासिल्ली में हुआ आंवला पूजन

**झलप।** ग्राम सोनासिल्ली पाड़ेपाली में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा को आंवला पूजा बड़ी धूमधाम से मनाई गई। गांव की सुख शांति के लिए भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में कमलेश प्रधान, संतोष रावत, मदन साहू, मनोज प्रधान, श्रीधर प्रधान, अरुण प्रधान व बड़ी संख्या में महिला व पुरुष सम्मिलित हुए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. .......... अ / 2 2025-2026
ग्राम फुलझर, तहसील - मैनपुर,
जिला गरियाबंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सियाराम ठाकुर पिता श्री गोवर्धन सिंह, जाति गोंड, निवासी मैनपुरकला, प.ह.नं. 04, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम फुलझर, प.ह.नं. 04, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 23/2 रकबा 0.10 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा खसरा बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
मैनपुर

## लौह पुरुष की 150वीं जयंती पर देशभक्ति, सेवा और समरसता का संदेश

# गरियाबंद में आज राष्ट्रीय एकता पदयात्रा सरदार पटेल को किया जाएगा नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि, फिटनेस शिविर और स्वास्थ्य जांच भी शामिल

कलेक्टर बीएस उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी राष्ट्रीय एकता पदयात्रा के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लौह पुरुष सरदा भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली इस पदयात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, समरसता और सेवा भावना का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का आयोजन 7 नवम्बर (शुक्रवार) को सुबह 9 बजे अटल चौक नागाबुड़ा से किया जाएगा, जो नहरगांव, कोकड़ी होते हुए गांधी मैदान गरियाबंद में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि पदयात्रा में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इसके अलावा क्षेत्र के सम्मानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, मीडियाकर्मी, गणमान्य नागरिक इस पद यात्रा में शामिल होंगे। पदयात्रा में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति, तिरंगा यात्रा, सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा देश के प्रति उनके योगदानों को नमन करने जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे।



### जनसहभागिता करें सुनिश्चित : कलेक्टर

कलेक्टर श्री उइके ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन की सभी तैयारियाँ समय पर पूर्ण कर ली जाएं और जनसहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पदयात्रा में शामिल होकर सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करें और राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाएं। इस दौरान नहरगांव से गरियाबंद तक राष्ट्रीय एकता पदयात्रा के कारण 7 नवम्बर के प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बड़ी वाहनों के आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### पदयात्रा में आमजन भी होंगे शामिल

कलेक्टर ने बताया कि पदयात्रा में विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, एनएसएस, एनसीसी, माय भारत वॉलिंटियर तथा आमजन शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान फिटनेस शिविर, नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति के लिए युवा शपथ कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें रक्तचाप, डायबिटीज, सामान्य स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही पदयात्रा मार्ग में स्थित सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान भी संचालित किया जाएगा, जिससे एकता के साथ स्वच्छ भारत का संदेश जन-जन तक पहुँचे।

# गरियाबंद में श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 1 दिसम्बर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- वृंदावन के महामंडलेश्वर संत डॉ. इंद्रदेव सरस्वती जी महाराज कराएंगे शिवभक्ति का अमृतपान
- कलश यात्रा से होगा शुभारंभ, हवन-पूर्णाहुति और भंडारा के साथ होगा समापन

नगर में भक्ति एवं अध्यात्म का विराट उत्सव होने जा रहा है। नगर के गांधी मैदान में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संत डॉ श्री इंद्रदेव सरस्वती जी महाराज वृंदावन वाले अपने मुखारबिंद से भगवान शिव की अद्भुत महिमा, भक्ति और जीवन दर्शन का रसपान करायेंगे। आयोजनकर्ता देवांगन परिवार द्वारा सभी शिवभक्त श्रद्धालुओं से निवेदन किया गया है कि इस पावन कथा में सम्मिलित होकर भगवान शिव की कृपा एवं पुण्य लाभ प्राप्त करें और कथा स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में अपनी श्रद्धानवत उपस्थिति देवे। शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ 1 दिसम्बर से होने जा रहा है, गांधी मैदान में आयोजित कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगा।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

आयोजनकर्ता देवांगन परिवार द्वारा कथा के पावन प्रसंग से संबंधित जानकारी देते हुये बताया गया की 1 दिसम्बर को (मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी) भव्य कलश यात्रा, वेदी पूजन महात्मय के बाद कथा प्रारम्भ की जायेगी। 3 दिसम्बर (मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष द्वादशी) शिवमहापुराण परिचय, शिवलिंग स्थापना, भस्म-रुद्राक्ष विधि 3 दिसम्बर बुधवार को नारद मोह, सृष्टि वर्णन, अर्ध-नारिश्वर कथा, 4 दिसम्बर बृहस्पतिवार (मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी/पूर्णिमा) समुद्र मथन, पंचमुखी कथा, गंगा एवं श्री राम जन्म उत्सव 5 दिसम्बर शुक्रवार, शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह,06 दिसम्बर शनिवार, कार्तिक - गणेश जन्म, गजासुर कथा, दुर्वासा-हनुमान चरित्र, नंदेश्वर अवतरण,07 दिसम्बर रविवार, पंचाक्षर मंत्र, विल्वपत्र वर्षा,सहस्त्रधारा स्नान, शोभायात्रा,08 दिसम्बर 2025 सोमवार (पौष कृष्ण पक्ष चतुर्थी) हवन पूर्णाहूति - महाआरती, भंडारा-प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में सानिया टण्डवीर को मिला प्रथम स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

संभाग स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में सम्पन्न हुआ जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी संकुल केन्द्र -छुरा ब विकासखंड -छुरा जिला -गरियाबंद से सानिया टण्डवीर कक्षा -8वीं ने पश्चिम भारत विज्ञान मेला के मुख्य विषय-विकसित और आत्मनिर्भर भारत के उपविषय -स्वस्थता और स्वच्छता के तहत सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता पर अपना माडल की प्रस्तुति किया जो कि पूरे रायपुर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। मार्गदर्शक शिक्षक की भूमिका में नवाचारी, कबाड़ से जुगाड़, मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकृत एवं विज्ञान प्रदर्शनी में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुदामा प्रसाद लोधी रहें व उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन जशपुर जिला में होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के 9 संभाग से 27 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे गौरतलब है कि इसके पूर्व 2022 में भी राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी का चयन हुआ था यह हमारे विद्यालय, गांव, विकासखंड, जिला व रायपुर संभाग के लिए बहुत ही गौरव की बात है।

**इन्होंने दी बधाई एवं शुभकामनाएं** -जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास सिंह, जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम कुमार चन्द्राकर,ए पी सी विल्सन पी थामस, जिला नोडल ज्ञानेन्द्र शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी किशुन लाल मतावले,बी आर सी हरीश देवांगन, संकुल प्राचार्य आशा रानी चतुर्वेदी, प्राचार्य प्रदीप मिश्रा, धनेश्वरी मार्कण्डेय,दीपक तिवारी, शांतिप्रभा मिंज, रूपसिंह ध्रुव, शिवशंकर यादव, गोवर्धन यादव ,तोमेश साहू व बड़ी संख्या ग्रामीणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दियें।

## रसेला में हर्षोल्लास के साथ मनी कार्तिक पूर्णिमा



**रसेला।** क्षेत्र के ग्राम रक्सी, जटियातोरा, सेम्हरा, टोनहीडबरी, सेदबाहरा और मुढीपानी सहित क्षेत्र के गांवों में कार्तिक पूर्णिमा का पावन पर्व हर्षोल्लास उल्लास के साथ मनाया गया। भक्तों में आध्यात्मिक भावना पैदा करने के लिए भगवान शिव के मंदिरों को रंग बिरंगे रोशनियों से सजाया गया। सभी श्रद्धालुओं सुबह स्नान कर देवताओं से प्रार्थना की और अपने परिवार के सदस्यों के लिए स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

पूजा अर्चना, अनुष्ठानों और आध्यात्मिक आयोजन से भरा कार्तिक मास,बारह महीनों में भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। इस पवित्र महीने में लोग उपवास रखकर पूर्णिमा के दिन आंवला पेड़ की पूजा अर्चना कर भोजन बनाकर प्रसाद के रूप में सभी ग्रहण करते हैं। इस दौरान गांव गांव में श्रद्धालुओं ने नदी, तालाब में स्नान किया और मंदिरों व घाटों पर विशेष पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने आंवला पेड़ की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए माला,फल, गन्ना, धूप, अगरबत्ती, कपूर, नारियल इलायची दाना, मीठा सेव और चुनरी आदि अर्पित किए। पौराणिक कथाओं के अनुसार, त्रिपुरासुर नामक एक अत्याचारी असुर निर्दोष लोगों को सताता था और पुजा पाठ में बाधा डालता था। इससे परेशान होकर सभी देवताओं ने भगवान शिव से त्रिपुरासुर का वध करने का आग्रह किया। भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का सहार कर देवताओं का कल्याण किया और त्रिपुरारी कहलाए।

### पीढ़ियों से चली आ रही है देव दीपावली की परंपराः सिन्हा

त्रिपुरासुर के वध के बाद देवताओं ने भगवान शिव की दीप जलाकर स्तुति की थी। तभी से पूरे भारतवर्ष में देव दीपावली मनाने की परंपरा चली आ रही है। इसी कड़ी में जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा कि यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है,देव दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह,भक्ति और पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलता है।

## नगर विकास संघर्ष सेवा समिति ने आयोजित किया दीपावली मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

- कृषि महाविद्यालय के निर्माण को लेकर चर्चा के साथ सौंपी गई जवादारी





नगर विकास संघर्श सेवा समिति के बैनर तले विश्रामगृह फिंगेश्वर मे दीपावली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को लेकर समिति के अध्यक्ष भागवत हरित ने उपस्थित नगर वासियों को दीपावली मिलन की बधाई दी एवं सभी के जीवन मे अंधकार हटने एवं प्रकाश के फैलने की कामना की। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए इस समिति का घटना किया गया है जिसमे आप सभी की सहभागिता रही है।इसी कड़ी मे बता देना चाहता हू कि कृशि महाविद्यालय की मांग को लेकर राज्य के सभी आवश्यक मंत्रियो सहित मुख्यमंत्री तक अपनी बाते रखी गई है जिसमे सभी की ओर से पूरा आश्वासन मिलागेश्वर मे ही कृशि कालेज खुलेगा।कालेज की मांग को लेकर हमारे विधायक रोहित साहू ने भी विधान सभा मे कृशि महाविद्यालय खोलने की मांग फिंगेश्वर मे ही की है।कालेज की मांग जहां बलवती हुई है वहीं पर प्रशासनिक अमलों से हमे जैसे मदद मिलना चाहिए नहीं मिल रहा है।कलेक्टर गरियाबंद भी फिंगेश्वर के जमीन को लेकर सक्रिय नहीं है।हम सभी एक बार फिर से सीएम एवं कृशि मंत्री के पास जायेंगे।जाने के लिए उचित समय तय की जावेगी। समिति के उपाध्यक्ष रामूराम साहू ने कहा कि दीपावली मिलन समारोह की सभी को बधाई।इस मिलन से ही आप सभी की उपस्थिति एवं भाईचारा नगर विकास की दिशा मे दिखाई दे रहा है।नगर विकास को लेकर हमारी एकजुटता हमेशा कायम रहेगी।कृशि महाविद्यालय के लिए हम सभी को पुनः आवाज बुलंद की करने की आवश्यकता है।नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास ने कहा कि हमारी एकजुटता हमेशा बनी रहे। कुल लोग है जो हमारी एकजुटता से अलग है।जो फिंगेश्वर के विकास मे सहयोग नहीं करेगा ऐसे लोगो को फिंगेश्वर की जनता भी सहयोग नहीं करेगी।फिंगेश्वर एवं फिंगेश्वर क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी संघर्श करते रहेंगे।कार्यक्रम को वरिष्ट नेता ओमप्रकाश बंछोर,हरिशंकर श्रीवास्तव,डा.प्यारेलाल सोनकर, कमलेश यदु आदि ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम मे सभी लोगो के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई थी।

**ये हुए शामिल**-कार्यक्रम मे अरेन्द्र पहाड़िया,नेमीचंद बंजारे,दीपक पोद्दार, नोसराम साहू,बसंत गुप्ता,सतीश यादव,भुवन साहू,अशोक साहू,हरनारायण सूर्यवंशी,मनोज सोनवानी,किरणेश सोनी,जयेश शुक्ला,प्रेमलाल टोडर,मिंजून साहू, नरोत्तम सिन्हा,युवराज सिन्हा,राजऋशि टंडन,मुकेश साहू,राकेश सिन्हा,केडी सोनवानी सहित बड़ी संख्या मे नागरिक शामिल हुए।

## बाबूलाल निर्विरोध बने तहसील साहू समाज अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ नवीन संशोधित नियमावली एवं निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आज गुरूवार को साहू समाज भवन मैनपुर में मैनपुर तहसील साहू समाज के नए पदाधिकारियों का चयन निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक, मैनपुर तहसील साहू संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न किया गया। साहू समाज द्वारा आयोजित इस निर्वाचन प्रक्रिया का शुभारंभ माता कर्मा की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करते हुए किया गया पश्चात समाज के प्रबुध्द जनो की उपस्थिति मे समाज के विकास व जिला संगठन के निर्देश पर नये पदाधिकारियों का गठन किया गया।

इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी जिलाध्यक्ष साहू संघ गरियाबंद नारायण साहू, निर्वाचन अधिकारी होमन लाल साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी घनश्याम साहू, अंजोर राम साहू, पर्यवेक्षक संजू साहू द्वारा निर्वाचन नियमावली के तहत प्रत्याशियों को आमंत्रित किया गया एवं निर्वाचन फार्म विक्रय किया गया लेकिन साहू समाज द्वारा निर्विरोध अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का नाम सामने रखते हुए एकता का परिचय दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जिलाध्यक्ष साहू संघ गरियाबंद नारायण साहू ने मैनपुर तहसील साहू समाज अध्यक्ष के रूप में बाबूलाल साहू, उपाध्यक्ष लोचनराम साहू, उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रूखमणी साहू, संगठन सचिव रामसिह साहू, संगठन सचिव महिला प्रकोष्ठ गीता साहू एवं अन्य पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए निर्विरोध प्रत्याशी घोषित किया।



**समाज हित काम करने की ली शपथ**-साहू समाज के नव गठित पदाधिकारियों का समाज जनो ने सम्मान के साथ स्वागत किया जहां नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज हित मे कार्य करने का शपथ लिया। इस दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के प्रमुखजनो द्वारा समाज अध्यक्ष के रूप मे उन्हे जो दायित्व सौंपा है उसे बखूबी से निर्वहन करूंगा, उन्होने सभी साहू समाज के लोगो के सहयोग से समाज हित व विकास के लिये कार्य करने की बात कही है।

**ये रहे उपस्थित**-इस दौरान पूर्व अध्यक्ष घनश्याम साहू, तरूण साहू, रामजी साहू, रामसिंह साहू, भोज कुमार साहू, खेलन साहू, जगदीश राम साहू, लोचन राम साहू, सत्यनारायण साहू, शिवकुमारी साहू, ललेश्वरी साहू, रूखमणी साहू, लालाराम साहू, रामस्वरूप साहू, ललित साहू, ग्रामीण अध्यक्ष हरदीभाठा रूपेश साहू, गोवर्धन राम साहू, खुशी राम साहू, पितांबर साहू, रमेश साहू सहित समाज के प्रमुख जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण अध्यक्ष हरदीभाठा रूपेश साहू एवं युवा प्रकोष्ठ के सवितानंद साहू ने किया व आभार प्रदर्शन पूर्व अध्यक्ष घनश्याम साहू ने किया।

## मैनपुर में जिला सहकारी बैंक कर्मचारियों ने वार्षिक वेतन वृद्धि न मिलने पर लगाया ताला

**मैनपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ रायपुर के आह्वान पर माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयादेशो के उपरांत भी लंबित वेतनवृद्धि नही देने के कारण वर्ष 2021 से लंबित वार्शिक वेतन वृद्धि की एक सूत्रीय मांग एक दिवसीय सामुहिक अवकाश लेकर आज 06 नवम्बर को जिला सहकारी बैंक में ताला लगा रहा जिसके कारण किसान और हितग्राही परेशान होते रहे साथ ही बैंक अधिकारी कर्मचारियो ने निर्णय लिया है कि उनके मांग पूरा नही होने से 12 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं बैंक बंद रहेगा।

बैंक प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ की हटधर्मिता के खिलाफ बैंक की समस्त 73 शाखाओ सहित बैंक




मुख्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी आंदोलन कर रहे है। बैंक अधिकारी कर्मचारियो ने बताया कि आंदोलन का यह तृतीय चरण सरकार और सहकारिता विभाग के अड़ियल रवैये की प्रतिक्रिया है वार्षिक वेतन वृद्धि और पाँच वर्षोंर् के एरियर्स भुगतान को लेकर वर्षोंर् से संघर्ष जारी है उच्च न्यायालय की एकल और युगल पीठ दोनों में कर्मचारियों को जीत मिली, यहाँ तक कि स्पष्टीकरण याचिका में भी सरकार से जवाब तलब हुआ, पर आदेश लागू नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि यह न्यायालय की अवमानना है और कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों की अवहेलना है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा के थाना चौक के पास खड़े एक व्यक्ति को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकीमौत हो गई। पिथौरा पुलिस को महेश बरिहा निवासी सिंधुपाली ने बताया कि 5 नवंबर को जगत देवदास निवासी जामपाली के ट्रैक्टर सीजी 04 एलयू 6230 में उसके बड़े भाई देवा बरिहा एवं गांव के अन्य लोग रामकृष्ण साहू के बडे भाई गोपाल साहू के घर ग्राम खपराखोल छट्ठी कार्यक्रम में गये थे। इस दौरान देवा ग्राम खपराखोल से वापस पिथौरा आकर थाना चौक में घर आने के लिये खड़ा था। दोपहर करीब 3.30 बजे ग्राम जामपाली के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एलयू 6230 के चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, भाई देवा बरिहा के सीने में चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### निधन

**लक्ष्मी बाई साहू**

**अभनपुर।** सोनपैरी (टेकारी)निवासी श्रीमति लक्ष्मी बाई साहू का निधन 5 नवम्बर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे चैतराम साहू के पति एवं जागेश्वर साहू की माता थी।

भक्ति, सेवा और भाईचारे की भावना में डूबा नगर-श्रद्धालुओं ने निभाई निस्वार्थ भूमिका

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व गरियाबंद में बड़ी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। रविवार सुबह से ही पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल दिखाई दिया। गुरुद्वारा परिसर में गूंजते रहे गुरु नानक देव जी के उपदेश - “एक पिता एकस के हम बारक़, एक नूर ते सब जग उपजया, कौन भले को मंदे” - से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

■ प्रभात फेरी, शबद-कीर्तन और लंगर सेवा में उमड़ा हर धर्म का जनसैलाब

सुबह 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। फेरी के बाद गुरुद्वारा में शबद-कीर्तन और गुरुवाणी पाठ के साथ दिनभर का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्तिक पूर्णिमा पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गरियाबंद का गुरुद्वारा भक्ति, सेवा और मानवता की मिसाल बना रहा। गुरुद्वारा परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। दिनभर लंगर सेवा का आयोजन चलता रहा, जिसमें सभी धर्मों और वर्गों के लोगों ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया। लंगर में कड़ा प्रसाद, दाल, सब्जी, रोटी और खीर परोसी गई।





### इंसानियत, करुणा और प्रेम ही सबसे बड़ी पूजा

गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के रमन सिंह कुकरेजा ने बताया कि गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व उनके जन्म की खुशी में मनाया जाता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि इंसानियत, करुणा और प्रेम ही सबसे बड़ी पूजा है। आज का दिन इन मूल्यों को याद कर उन्हें जीवन में उतारने का संकल्प लेने का दिन है। समाज के वरिष्ठ बलदेव सिंह हुंदल ने कहा कि गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व हमें सेवा, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाता है। आज का आयोजन इसी भावना को समर्पित है।

### सेवा ही सच्ची है भक्ति

गुरनूर कुकरेजा ने बताया कि कल रात से ही समाज की महिलाओं ने आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी थीं। सुबह से ही श्रद्धालु कीर्तन और लंगर सेवा में निस्वार्थ भाव से जुड़े हैं। ‘एक ओंकार’ का संदेश हमें यह सिखाता है कि ईश्वर एक है और हर जगह विद्यमान है। सेवा ही सच्ची भक्ति है - यही गुरु नानक देव जी की राह है। उन्होंने आगे कहा कि गुरु नानक देव जी ने हमें सिखाया कि सेवा, समानता और एकता से ही समाज में सच्चा सुख संभव है। लंगर में हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों ने मिलकर भोजन ग्रहण किया, जिससे समाज में भाईचारे और एकता का संदेश प्रसारित हुआ। सिख समाज के वरिष्ठ सदस्य सुरजीत कुकरेजा ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समानता, सादगी और मानवता का जो संदेश दिया, वही आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सिखाया कि किसी के प्रति भेदभाव न करें, सभी को एक दृष्टि से देखें।

## दीपों की जगमगाहट में खिला रानीपरतेवा, कार्तिक पूर्णिमा व गुरु नानक जयंती पर भव्य दीपोत्सव





**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा में कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती के पावन अवसर में विगत कई वर्षों के भांति इस वर्ष भी बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर एवं बजरंग बली मंदिर प्रांगण में बड़ी हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ दीपोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया जिसमें ग्राम के कार्तिक स्नान करने वाले महिला पुरुषों एवं बच्चों ने प्रातः 3:00 से ग्राम के नदी एवं तालाब में स्नान कर कार्तिकेय भगवान की पूजा अर्चना किया गया।

तत्पश्चात सभी लोग मंदिर प्रांगण में उपस्थित हुए एवं मंदिर के चारों ओर 701 दीप प्रज्वलित कर पूरे मंदिर परिसर को जगमगाया गया इसके बाद बाबा सिद्धेश्वर नाथ एवं बजरंग बली की विधिवत पूजा गिरधर महाराज के द्वारा कराया गया फिर प्रसादी वितरण साथ ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भोला किराना दुकान के द्वारा खीर पुरी की प्रसादी वितरण किया और समिति के द्वारा आए हुए सभी श्रद्धालु गणो के लिए गरमा गरम चाय की व्यवस्था किया गया था।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर खड़मा, करकरा मुड़ागांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित हुए थे इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गिरधर गिरी महाराज जी विनोद अडवंशी ,पूरन लाल निषाद, योगराज मरकाम, खुमेश साहू, पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, साधु राम निषाद ग्राम पटेल , केशरी नेताम पूर्व सरपंच , रमन नामदेव , थानेश्वर, जयराम साहू,गिरवर सिन्हा, निर्मलकर ,नारायण साहू, मुकुंद यदु, शंकर साहू ,चमन नामदेव ,गिरवर निषाद ,तुषार सिन्हा, दुलार यादव,हेमंत नामदेव, गुलशन नामदेव और खड़मा से लक्ष्मी दास सोनवानी प्रमोद महाराज जी, गुलशन सिन्हा, बालकृष्ण छेदैया , बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित थे ।

## उच्च शिक्षा में अनुसंधान से गुणवत्ता संवर्धन पर दो दिवसीय कार्यक्रम का प्रथम दिन सफल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, कोसमी (नवापारा) के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा “अनुसंधान के माध्यम से उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता संवर्धन (अनुसंधान के माध्यम से उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता वृद्धि)”विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य उच्च शिक्षा में अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ावा देना, शिक्षकों एवं शोधार्थियों में नवाचार की भावना विकसित करना तथा संस्थागत उत्कृष्टता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना रहा।

■ आईएसबीएम विश्वविद्यालय में अनुसंधान कार्यशाला का शानदार उद्घाटन

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी, संकाय सदस्य, अतिथि वक्ता एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. पी. विश्वनाथन, अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय ने की। अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होंने कहा कि “गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार सतत अनुसंधान है; निरंतर नवाचार से ही शिक्षा का स्तर उन्नत किया जा सकता है।” इसके पश्चात प्रो. डॉ. सुभाशीश बिस्वास, छात्र कल्याण अधिष्ठाता आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने उद्घाटन व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि “अनुसंधान छात्रों के समग्र व्यक्तित्व विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।” उन्होंने विशेष रूप से मातृभाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि “भारत में 576 मातृभाषाएँ बोली जाती हैं, और भाषा कभी भी अनुसंधान की बाधा नहीं बन सकती। मातृभाषा के माध्यम से ज्ञान अधिक प्रभावी ढंग से विकसित होता है।”

### इस शैक्षणिक प्रयास की हुई सराहना

कार्यक्रम के दौरान डॉ. बी. पी. भोळ, कुलसचिव, ने अपने प्रेरक संबोधन में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अनुसंधान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राणिविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री लक्ष्मीकांत सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक सहायक प्राध्यापक सुश्री रेखा साहू और सुश्री देवू पिल्लई रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का हार्दिक आभार प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और आईएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा किए गए इस शैक्षणिक प्रयास की सराहना की। विश्वविद्यालय निरंतर गुणवत्तापूर्ण, अनुसंधान-उन्मुख एवं छात्र-केंद्रित शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, और यह कार्यशाला उस दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुई।

### विश्लेषणात्मक सोच को विकसित करता है अनुसंधानः एन. कुमार स्वामी

इसके बाद प्रो. एन. कुमार स्वामी, अधिष्ठाता (अकादमिक्स) एवं निदेशक, आईक्यूएसी ने “अनुसंधान एवं गुणवत्ता संवर्धन” विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि “शिक्षण प्रक्रिया में अनुसंधान का समावेश छात्रों की विश्लेषणात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमता को विकसित करता है।” उन्होंने विद्यार्थियों को अनुसंधान के प्रति प्रेरित करते हुए बताया कि अनुसंधान केवल शैक्षणिक आवश्यकता नहीं, बल्कि नवोन्मेषी सोच का प्रतीक है। विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सह-प्राध्यापक डॉ. पूनम वर्मा ने कहा कि “अनुसंधान के माध्यम से शिक्षक और विद्यार्थी दोनों अपनी रचनात्मकता को निखार सकते हैं, जिससे संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता में सतत सुधार संभव है।” कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. एन. पवन कुमार, सहायक प्राध्यापक भौतिकी मातृश्री इंजीनियरिंग कॉलेज सैदाबाद, हैदराबाद “उच्च शिक्षा में अनुसंधान पद्धति और सर्वोत्तम अभ्यास” विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने शोध पद्धति, अनुसंधान नैतिकता एवं उच्च शिक्षा में अपनाई जाने वाली श्रेष्ठ पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की। अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि “शोध केवल ज्ञान के विस्तार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और शिक्षा के विकास का आधार है।” सत्र के उपरांत डॉ. एन. पवन कुमार का सम्मान एवं अभिनंदन विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया।

## महालक्ष्मी पुराण का भव्य आयोजन, मां लक्ष्मी की कृपा से काठा से छलक उठा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कार्तिक पूर्णिमा और अघ्हन बृहस्पति ,6 नवंबर 2025, गुरुवार के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत मोंगरा के आश्रित डूमरपारा में दो दिवसीय ‘महालक्ष्मी पुराण’ का भव्य आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल भर दिया। इस दौरान मां भगवती लक्ष्मी की कृपा का एक अद्भुत और चमत्कारी दृश्य भी देखने को मिला, जब अनुष्ठान के लिए रखा गया धान का ‘काठा’ (धान मापने का पात्र) भरकर छलक गया। यह आयोजन 5 नवंबर, दिन बुधवार को आंवला वृक्ष के नीचे प्रारंभ हुआ। इस दौरान एक ‘काठे’ में धान सपाट भरकर रखा गया और समस्त डूमरपारा वासियों की उपस्थिति में रात भर मां भगवती लक्ष्मी पुराण का पाठ किया गया। अगले दिन, 6 नवंबर, दिन गुरुवार की शाम को, धार्मिक परम्परा के अनुसार उसी धान को ठाकुर देव के स्थान पर सभी ग्रामवासियों के समक्ष फिर से नापा गया। माँ लक्ष्मी की असीम कृपा और आशीर्वाद से, वह ‘काठा’ धान से भरकर छलक उठा। इस अद्भुत दृश्य को देखकर सभी महिला, पुरुष और बच्चों ने जयकारे लगाए और स्वयं को धन्य महसूस किया।

■ महालक्ष्मी पुराण का भव्य आयोजन, मां लक्ष्मी की कृपा से काठा धान से छलक उठा



### भव्य शोभा यात्रा और भंडारा

पुण्य अवसर के समापन पर, 6 नवंबर 2025 की शाम 4:00 बजे बाजे-गाजे के साथ एक भव्य गली भ्रमण (शोभा यात्रा) निकाली गई, जिसमें डूमरपारा के महिला, पुरुष और बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। धार्मिक यात्रा के पश्चात महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### इनका रहा सक्रिय योगदान

इस सफल आयोजन में ग्राम समिति और डूमरपारा वासियों का सक्रिय योगदान रहा। आयोजन में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत मोंगरा के सरपंच मनीराम नांगवशी, वार्ड नंबर 7 की पंच कुन्तुलाबाई, वार्ड नंबर 8 की पंच रायमोतीन बाई, अध्यक्ष चितमन, सचिव सदन सिंह नेताम, उपाध्यक्ष तुलसीराम चक्रधारी, और ग्राम समिति के उपाध्यक्ष बुड़ूराम नेताम शामिल रहे। कथा वाचन का पुण्य कार्य बूड़ूराम नेताम, मानिकराम चक्रधारी और साधुराम मरकाम ने किया। समस्त डूमरपारा वासियों की भागीदारी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

## नक्सल प्रभावित नगरार में कम्युनिटी पुलिसिंग से भरोसे की नई शुरुआत

**गरियाबंद/मैनपुर।** नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस-जन सहयोग की नई मिसाल पेश करते हुए गरियाबंद पुलिस ने ग्राम नगरार में कम्युनिटी पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा स्वयं टीम के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। कार्यक्रम में एसपी राखेचा ने बच्चों, महिलाओं और गांव के बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। ग्रामीणों ने गांव में बिजली, पानी, स्कूल भवन और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी की बात कही। इस पर एसपी ने संबंधित विभागों से समन्वय कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

■ एसपी निखिल राखेचा पहुंचे ग्रामीणों के बीच, बच्चों-महिलाओं से संवाद कर जानी समस्याएं

0 आत्मसमर्पण नीति पर दिया संदेश, ग्रामीणों ने कहा — “पुलिस का कदम भरोसा बढ़ाने वाला”

कम्युनिटी पुलिसिंग के इस कार्यक्रम में बच्चों को स्कूल बैग, चप्पल, चॉकलेट और बिस्किट वितरित किए गए, वहीं महिलाओं को साल और पुरुषों को साड़ी दी गई। ग्रामीणों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और विश्वास जताया कि ऐसी पहल से गांव में शांति और विकास का माहौल बनेगा। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर आत्मसमर्पण नीति की जानकारी देते हुए कहा कि जो नक्सली मुख्यधारा से दूर होकर हिंसा का रास्ता अपना चुके हैं, वे समाज में लौट सकते हैं। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को शासन की ओर से सुरक्षा और पुनर्वास की गारंटी दी जाएगी।



### यह कदम गांव में भरोसे का माहौल बनाने वालाः ग्रामीण

एसपी राखेचा ने बताया कि क्षेत्र में पोस्टर और संपर्क नंबर के माध्यम से संदेश दिया गया है कि कोई भी सक्रिय नक्सली नजदीकी थाना या पुलिस कैंप में हथियार के साथ आत्मसमर्पण कर सकता है। गांव के लोगों ने एसपी से कहा कि पुलिस का यह कदम गांव में भरोसे का माहौल बनाने वाला है। अब ग्रामीण चाहते हैं कि पुलिस-प्रशासन की ऐसी पहल लगातार जारी रहे ताकि नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति की जड़ें और मजबूत हों।

## छुरा में रामायण पाठ का भव्य समापन, कार्तिक पूर्णिमा पर भक्ति का उत्सव

**छुरा।** नगर के शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा बुधवार को हर्ष और उल्लास के साथ रामायण पाठ का समापन एवं कार्तिक पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय मानस मंदिर के पंडित यज्ञेस महाराज जी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं रामायण पाठ समापन की मंगल आरती कराई गई। कार्यक्रम में शिव शक्ति महिला मंडल की सभी बहनों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता की। इस दौरान भजन-कीर्तन, रामायण के प्रसंगों का श्रवण और भगवान राम के पदचिन्हों पर चलने का संदेश दिया गया। मंडल की बहनों द्वारा समर्पण, अनुशासन और सहयोग की भावना देखते ही बनती थी।

**ये रहीं उपस्थित**-कुलेस्वरी देवांगन, कमला यदु, ज्योति ठाकुर, अंशु देवांगन, ऊषा कंवर, रेवती देवांगन, लता नायक, केसर यादव, गीता चंद्राकर, दुर्गा सोनी, भोज कंवर, दुलारी ध्रुव, गीता प्रजापति, अनीता सिन्हा, कमला दीवान, आरती चंद्राकर सहित अन्य महिला सदस्य सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। मंडल की बहनों ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, संस्कार और सद्भाव को मजबूत करते हैं।



## यादव समाज ने मंत्री गजेन्द्र यादव के लिए जिला स्तरीय सम्मान समारोह का किया आयोजन



मैनपुर। मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम सागड़ा में यादव समाज द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा एवं ग्राम उद्योग, विधि एवं विधाई कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है आज क्षेत्र से बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग मंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात उन्हे आमंत्रित किया है। 23 नवम्बर दिन रविवार दोपहर 12 बजे मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम सागड़ा में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंत्री से मुलाकात करने वालो में यादव समाज के जयमल यादव, पुरूशोत्तम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धनमति यादव, गोपाल यादव, भंवरलाल यद्रु, खेमराज यादव, खेद्रुराम, परमेश्वर यादव, चमरूराम यादव, नरसिंह यादव, गजराज यादव, सहदेव यादव, हीरालाल यादव, लोराम यादव, देवचंद यादव, प्रेमानंद यादव, कुलेश्वर यादव एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## जिड़ाड में कार्तिक पूर्णिमा उत्सव का आयोजन



**रसेला।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम जिड़ाड में रात्रिकालीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि लता नागेश सरपंच ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी विशेष अतिथि श्री कृष्णा गुप्ता पूर्व उपसरपंच ग्राम मुढ़ीपानी पूर्व जनपद सदस्य थानेश्वर कंवर, बिगेद्र ठाकुर पूर्व सरपंच ग्राम रसेला, भाव सिंग ठाकुर, पुराणिक नागेश, ग्राम पटेलिंह, घनश्याम साहू, तिलेश्वर गुप्ता, बनवाली यादव, सुमार सिंग, सुभाष सिंह, चैनू नेताम, बेनू राम, लखन यादव राजकुमार, डमरूराम एवं भारी संख्या में गांव से आए हुए ग्रामीण एवं क्षेत्र वासी कार्य क्रम को देखने उमड़े थे । प्रथम उद्बोधन में श्री कृष्णा गुप्ता ने सभी को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी और जिड़ाड गांव में प्रतिवर्ष होने वाले कार्यक्रम एवं गांव की एकता की तारीफ की एवं कार्तिक पूर्णिमा के महत्व को समझाया । थानेश्वर कंवर ने कहा कार्यक्रम होने से गांव में एकता एवं सदियों से चली आ रही संस्कृति को आने वाली पीढ़ी देखकर सीखती है और अमल करती है। मुख्य अतिथि श्रीमती लता नागेश ने सभी आए जनप्रतिनिधि ग्राम प्रमुख नवयुवक महिलाएं सभी को कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की सफल संचालन के लिए ग्राम वासियों का मनोबल बढ़ाया एवं सभी के सुख दुख में हमेशा साथ रहूंगी और ग्राम पंचायत का सब मिलकर विकाश करेंगे कहा । ग्राम पटेल के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।




